# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 20 मई 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में भारत सोलर एक्सपो-2025 का आयोजन कहाँ किया गया है?

(A) जयपुर
(B) उदयपुर
(C) जोधपुर
(D) इनमें से कोई नही

- ऊर्जा विभाग और राजस्थान सोलर एसोसिएशन के तत्त्वावधान में भारत सोलर एक्सपो-2025 का आयोजन उदयपुर में किया गया
- भारत सोलर एक्सपो-2025 का आयोजन 2 से 4 मई तक उदयपुर में किया गया है.
- इस एक्सपो का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाना है.

01. हाल ही में राजस्थान में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय ने किस देश की अफ्योन कोकाटेपे यूनिवर्सिटी के साथ किए गए एमओयू को रद्द कर दिया है?

(A) बांग्लादेश

(B) UAE

(C) तुर्किए

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) ने अकादमिक आदान-प्रदान के लिए तुर्किए की अफ्योन कोकाटेपे यूनिवर्सिटी (एकेयू) के साथ किए गए एमओयू को रद्द कर दिया है।
- यह करार एचजेयू और एकेयू के बीच 22 जून 2024 को हुआ था।
- तुर्किए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर लगातार भारत विरोधी रुख अपनाता रहा है। जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया है

02.राजस्थान में आरटीडीसी के होटलों और गेस्ट हाउस में ठहरने पर सेना के जवानों को कितने प्रतिशत की छूट मिलेगी?

(a) 50 प्रतिशत

(b) 25 प्रतिशत

(c) 75 प्रतिशत

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉरपोरेशन (आरटीडीसी) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने सभी होटलों और गेस्ट हाउसों में सैनिकों, गौरव सेनानियों और वीरांगनाओं के लिए विशेष छूट की घोषणा की है।
- इस पहल के तहत, जो सैनिक या गौरव सेनानी देश की सेवा में समर्पित रहे हैं, उन्हें आरटीडीसी के होटलों और गेस्ट हाउस में ठहरने पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- वहीं, वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

03. हाल ही में 44वीं राजस्थान स्टेट जूनियर पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप की 57 किलोभार वर्ग में राजस्थान की आकांक्षा कुमावत ने कौनसा मेडल जीता है?

(A) गोल्ड मेडल

(B) सिल्वर मेडल

(C) ब्रोंज मेडल

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर से संबंद्ध राजस्थान स्टेट पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित 44वीं राजस्थान स्टेट जूनियर (पुरुष व महिला वर्ग) पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप की 57 किलोभार वर्ग में आकांक्षा कुमावत ने गोल्ड मेडल जीता है।

♦जालौर की मूल निवासी आकांक्षा कुमावत ने सब जूनियर केटेगरी में राजस्थान का पिछला रिकॉर्ड तोडते हुए 390 किलोग्राम भार उठाकर नया रिकार्ड बनाया है।

04.राजस्थान के किस जिले में स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा पहला पंचगव्य पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू किया गया है?

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦देश का पहला पंचगव्य पीजी डिप्लोमा कोर्स डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा शुरू किया गया है?

♦डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय एवं गौ संवर्द्धन आश्रम, मोकलावास के संयुक्त तत्वावधान में देश का पहला पंचगव्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स शिक्षा सत्र 2025-26 में ही शुरू हो जाएगा।

♦ दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में स्टूडेंट्स को प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों से सामान्य व जटिल रोगों के उपचार की जानकारी दी जाएगी। कोर्स में पहले बैच में 30 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

**05.राजस्थान सरकार ने पंच योजना गौरव कार्यक्रम हेतु बजट में कितने करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है?**

(A) 200 करोड़ रुपये

(B) 500 करोड़ रुपये

(C) 100 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥राजस्थान सरकार ने पिछले बजट में प्रत्येक जिले के प्रमुख पर्यटक स्थानों, तीर्थयात्रा और मंदिरों आदि को विकसित करने के लिए पंच योजना गौरव कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यों के लिए बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।

♦ पंच गौरव कार्यक्रम में, राजस्थान के प्रत्येक जिले के अद्वितीय विरासत, उत्पाद और खेल को प्रोत्साहित किया जाएगा।

♦इसमें, एक उपज, एक उत्पाद, एक वनस्पति प्रजाति, एक पर्यटन स्थल और एक खेल प्रत्येक जिले में संरक्षित और विकसित किया जाएगा।

06. राजस्थान सहित सभी राज्यों में कब से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा?

(a) 25 मई

(b) 29 मई

(c) 30 मई

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की जानकारी देने व तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए वीसी का आयोजन किया।
- वीसी में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि केन्द्रीय कृषि मंत्रालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) और सभी राज्यों के कृषि विभागों के साथ मिलकर आगामी 29 मई से 12 जून तक पूरे देश में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाएगा।
- इसके तहत देश के विभिन्न गांवों में किसानों को खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के बारे में जानकारी दी जायेगी।

07.नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, देश में राजस्थान प्रति व्यक्ति दूध खपत में कौनसे स्थान पर है?

(A) दूसरे

(B) पहले

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, देश में राजस्थान प्रति व्यक्ति दूध खपत में नंबर वन है यानि राजस्थानी हर दिन औसत 459 ग्राम दूध किसी न किसी रूप में सेवन करते हैं।

♦प्रति व्यक्ति दूध खपत में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान

♦ भारत विश्व में सर्वाधिक दूध का उत्पादन करता है।

♦ भारत में सर्वाधिक दूध का उत्पादन उत्तर प्रदेश करता है तथा राजस्थान का दूसरा स्थान है।

08.राजस्थान की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन हो गया, वह किस आयोग की अध्यक्ष रही थी?

(a) राष्ट्रीय महिला आयोग

(b) राज्य महिला आयोग

(c) राष्ट्रीय सूचना आयोग

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का 1 मई 2025 को निधन हो गया

♦राजस्थान के नाथद्वारा में जन्मी डॉ. गिरिजा व्यास का राजनीतिक सफर प्रेरणादायक रहा. 1985 में वे राजस्थान विधानसभा से विधायक बनीं और 1990 तक पर्यटन मंत्री रहीं. ♦1991, 1996 और 1999 में उदयपुर से लोकसभा सांसद चुनी गईं. उन्होंने नरसिम्हा राव सरकार में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री और मनमोहन सिंह की यूपीए-2 सरकार में शहरी आवास एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री के रूप में काम किया.

♦2001-04 तक वे राजस्थान कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं और 2005-11 तक राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रहीं.

09. हर साल अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 16 मई

(b) 18 मई

(c) 17 मई

(d) इनमें से कोई नहीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- हर साल अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 18 मई को मनाया जाता है-
- इसका उद्देश्य संग्रहालयों के महत्व को उजागर करना है और समाज में उनकी भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।
- अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2025 का विषय है: "तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य"
- पहली बार आयोजन: 18 मई 1978 (मूल विचार 1951 में आया था)

10. हाल ही में भारत ने कितने नए रामसर स्थलों को जोड़ा है ?

(a) 7

(b) 4

(c) 3

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡ ♦ हाल ही में, भारत ने चार नए रामसर स्थलों को जोड़ा है, जिससे कुल रामसर साइटों की संख्या 89 हो गई है. इन नए स्थलों में

- ➡ सक्करकोट्टई पक्षी अभयारण्य, तमिलनाडु
- ➡ थेरथंगल पक्षी अभयारण्य, तमिलनाडु
- ➡ खेचियोपलरी वेटलैंड,सिक्किम
- ➡ उधवा झील, झारखंड

● राजस्थान में 02 रामसर स्थल हैं

- ➡ भरतपुर का केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान
- ➡ सांभर झील

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q.हाल ही में राजस्थान के किस सांसद को संसद रत्न पुरस्कार 2025 दिए जाने की घोषणा की गई है?**

(A) पीपी चौधरी

(B) मदन राठौड़

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine